तापमान
अधिकतम 35 .2 डिग्री
न्यूनतम 17 .2 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 5 मई 2026

शहर में आज

- डीसी की अधिकारियों के साथ बैठक
- सुपवा में कुलपति की फैक्लटी के साथ बैठक सुबह 10 बजे
- बिजली कटः सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक डी पार्क गुरुद्वारा, सुभाष पार्क, मॉडल टाउन।

खबर संक्षेप

इंस्टाग्राम पर ठगी करने का दूसरा आरोपी पकड़ा

रोहतक। इंस्टाग्राम के माध्यम से 40 हजार रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की पूरी राशि 40 हजार रुपये भी बरामद कर ली है। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, गांव चिड़ी निवासी किताब की शिकायत पर थाना लाखनमाजरा में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि 24 मार्च को किताब ने इंस्टाग्राम पर गाय बेचने का एक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने 30 हजार रुपये में गाय का सौदा तय किया। इसके बाद आरोपी ने स्कैनर के जरिए अलग-अलग ट्रांजेक्शन कराकर कुल 40 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। पैसे लेने के बाद आरोपी ने संपर्क तोड़ दिया, जिससे ठगी का खुलासा हुआ। मामले की जांच उप निरीक्षक प्रवीन द्वारा की गई। जांच के दौरान 4 मई को पुलिस ने राजस्थान के जिला डींग के गांव जुरहेरी निवासी साहूद पुत्र मुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से ठगी की पूरी रकम बरामद कर ली गई है।

10 लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। सोशल मीडिया पर सरकारी स्कीम के नाम पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। कृपाल नगर निवासी धर्मबीर से 10 लाख 28 हजार 622 रुपये की ठगी की गई। साइबर थाना पुलिस ने मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।धर्मबीर ने 3 फरवरी को फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा, जिसमें कम निवेश पर रोजाना भारी कमाई का दावा किया गया था। रजिस्ट्रेशन के बाद ठगों ने कॉल कर फीस और निवेश के नाम पर बार-बार पैसे ट्रांसफर करवाए। बाद में डर और लालच दिखाकर और रकम डलवाई गई। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच कर राजस्थान निवासी भैराराम को गिरफ्तार किया है, जो दिल्ली में रह रहा था। इससे पहले एक अन्य आरोपी मनीष भी पकड़ा जा चुका है। पुलिस पूरे गिरोह की तलाश में जुटी है।

डीएलसी सुपवा के दीक्षांत समारोह में मिला सम्मान, युवाओं का ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण में अहम योगदान

48 कोस यात्रा का अध्ययन कर पर्यटन को दिया बढ़ावा

कुरुक्षेत्र की विरासत को नई पहचान दिलाने पर संभवी को गोल्ड मेडल

- ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक परंपराओं गहन अध्ययन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मास्टर्स इन अर्बन एंड रीजनल प्लानिंग (2022-24) की छात्रा संभवी गोयल ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और शोध कार्य के बल पर गोल्ड मेडल हासिल कर संस्थान व प्रदेश का नाम रोशन किया है। संभवी ने अपने थीसिस प्रोजेक्ट में कुरुक्षेत्र, हरियाणा के हिस्टोरिक अर्बन लैंडस्केप पर विस्तृत अध्ययन किया, जो यूनेस्को द्वारा दिया गया एक महत्वपूर्ण कॉन्सेप्ट है। इसी बात के लिए डीएलसी सुपवा ने अपने दूसरे दीक्षांत समारोह में संभवी गोयल को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया है। शोध के दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की समृद्ध ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक परंपराओं और स्थानीय जीवनशैली का गहन दस्तावेजीकरण किया। इसके साथ ही उन्होंने 48 कोस तीर्थ यात्रा का भी अध्ययन किया, जो महाभारत काल से जुड़ी इस पवित्र भूमि की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाता है। बताया कि हरियाणा राज्य कृषि, खेल और अन्य क्षेत्रों में पहले से ही अग्रणी रहा है, लेकिन इस शोध के माध्यम से राज्य की विरासत और संस्कृति को पहचान दिलाने का प्रयास किया गया है। उनका मानना है कि इस तरह के अध्ययन से न केवल ऐतिहासिक स्थलों का संरक्षण संभव है, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। चारों सेमेस्टर में टॉपर रहने वाली संभवी की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि समर्पण और मेहनत से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

संभवी गोयल

अलग खबर

भटकतीं गायों की दयनीय स्थिति दिखाई

गायों की पीड़ा को कैमरे में उतारकर प्रिया ने तैयार की डॉक्यूमेंट्री फिल्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुपवा दीक्षांत समारोह के अवसर पर 2021-23 बैच की छात्रा प्रिया लोहचब को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। प्रिया ने अपने प्रोजेक्ट के तहत वर्तमान समय में गायों की दयनीय स्थिति पर आधारित एक प्रभावशाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार की, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस डॉक्यूमेंट्री में उन्होंने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गायों के साथ होने वाले व्यवहार का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। जहां एक ओर ग्रामीण इलाकों में गाय को पवित्र मानकर उसकी देखभाल प्रेम और श्रद्धा से की जाती है, वहीं शहरी क्षेत्रों में वही गायें उपेक्षा और लापरवाही का शिकार होती नजर आती हैं। सड़कों पर भटकतीं गायों गोशालाओं में जगह की कमी और प्लास्टिक व कचरा खाने को मजबूर होना आज की एक बड़ी समस्या बन चुकी है। प्रिया की फिल्म में गायों के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी दर्शाया गया है, साथ ही यह सवाल उठाया गया है कि जब मान्यताएं समान हैं, तो व्यवहार में इतना अंतर क्यों है। भावनात्मक कहानी और सशक्त दृश्यों के माध्यम से उन्होंने समाज को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया है। प्रिया लोहचब की इस उपलब्धि ने न केवल उन्हें सम्मान दिलाया, बल्कि समाज में एक गंभीर मुद्दे को सामने लाने का काम भी किया है। उनकी यह पहल आने वाले समय में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

प्रिया लोहचब

प्रॉपर्टी आईडी ठीक नहीं कर पा रहा निगम, लोगों से जबरन भरवाई जा रही राशि

रोजाना आ रही शिकायतें पार्षदों ने मांगा अतिरिक्त स्टाफ

नगर निगम : गलती हमारी लेकिन भुगतोगे आप ही

- 2010 के सर्वे में बड़ी संख्या में त्रुटियां, अब यूनिट दो लाख पार
- निगम में एक ही काउंटर, घंटों लाइन में लगने को मजबूर लोग
- मेयर बोले, आमजन को नहीं आने देंगे परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गलती हमारी लेकिन भुगतोगे आप ही, इसी तर्ज पर नगर निगम के अधिकारी आजकल कार्य कर रहे हैं। जिन लोगों के प्रॉपर्टी आईडी के बिल में गलत डाटा दर्ज किया गया है, उन्हें ठीक करवाने के लिए पसीने आ रहे हैं। ऐसे अधिकतर मामलों में अधिकारी सीधे बोल रहे हैं कि पहले टैक्स जमा करवाना होगा, इसके बाद ही बिल ठीक किया जाएगा। ऐसे दर्जनों मामले रोजाना निगम में देखने को मिल रहे हैं। शहर की करीब दो लाख प्रॉपर्टी आईडी हैं। ऐसे में में अब शहर की प्रॉपर्टी आईडी का दोबारा सर्वे करवाना ही एकमात्र विकल्प हो सकता है। वहीं मेयर रामअवतार वाल्मीकि का दावा है कि जल्द ही शहर में प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के लिए नए सिरे से सर्वे करवाया जाएगा।

हरिभूमि सरोकार

उदाहरण 1

मकान सेल किया प्रॉपर्टी आईडी ठीक कराने को चक्कर काट रहे

शहर के एक व्यक्ति ने हाल ही में मकान सेल किया है। अब उन्हें अपनी प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिए पूरा जोर लगाना पड़ रहा है। कई बार अप्लाई करने के बाद भी समाधान नहीं हो पा रहा है। उनसे पहले टैक्स जमा करवाने के लिए कहा जा रहा है।

उदाहरण 2

बिल ठीक करने के लिए कई बार आवेदन किया, नहीं हुआ

शहर की एक कंपनी की तरफ से बिल ठीक करने के लिए कई बार आवेदन किया गया। कई बार रिजेक्ट करने के बाद अब कहा जा रहा है कि कैटेगरी तभी ठीक हो पाएगी जब आप टैक्स जमा करवाओगे, क्योंकि ये निगम के उच्च अधिकारियों के आदेश हैं।

उदाहरण 3

मकान का बिल पिछले कई साल से ठीक नहीं हुआ

सुखपुरा चौक क्षेत्र में जिस मकान का बिल पिछले कई साल से ठीक था। उसके वर्ग गज का डाटा गलत कर दिया गया। कई बार आवेदन किया गया लेकिन हर बार आवेदन खारिज कर दिया गया। निगम की तरफ से कहा जा रहा है कि पहले टैक्स जमा करवाना होगा, इसके बाद बिल ठीक कर दिया जाएगा। इसके अलावा सैकड़ों उदाहरण सामने आ रहे हैं।

याशी कंपनी ने किया था सर्वे

निगम क्षेत्र की प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे 2010 में याशी कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया था। सर्वे में हर मकान का डाटा तैयार कर बिल वितरित किए गए, लेकिन अधिकांश में नाम, वर्ग गज और मोबाइल नंबर जैसी कई गलतियां पाई गईं। ड्रोन से किया गया यह सर्वे प्रदेश के अन्य शहरी निकायों में भी लागू किया गया था।

अब दोबारा सर्वे ही समाधान

प्रॉपर्टी यूनिट दो लाख पार:सर्वे के समय रोहतक नगर निगम में 1.73 लाख प्रॉपर्टी यूनिट थीं, जो अब बढ़कर दो लाख से अधिक हो गई हैं। महम, कलानौर और सांपला में भी हजारों यूनिट दर्ज की गईं। पार्षदों का कहना है कि पहले कैंप से कुछ समस्याएं सुलझीं, लेकिन अब दोबारा सर्वे ही समाधान है।

सुधार के दावे

निगम पिछले पांच साल से प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां सुधारने का दावा कर रहा है, लेकिन बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं। डाटा त्रुटियों और दस्तावेजों की कमी से काम धीमा है। वार्डों में लगाए गए कैंप भी ज्यादा प्रभावी नहीं रहे। वहीं, निगम कार्यालय में एक ही काउंटर होने से लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है।

जल्द होगा सर्वे

आमजन को किसी प्रकार की परेशानी सामने नहीं आने दी जाएगी। निगम में भी काउंटर पर प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां ठीक की जा रही हैं। प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के लिए सर्वे जल्द करवाया जाएगा।-रामअवतार वाल्मीकि मेयर, नगर निगम

कारणों का खुलासा नहीं

सुनारियां गांव में युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव सुनारियां में एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस व एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक ने अज्ञात कारणों के चलते यह कदम उठाया। घटना का पता उस समय चला जब परिवार के सदस्यों ने युवक को घर में संदिग्ध अवस्था में देखा। इसके बाद तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया गया और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने हालात का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि मामले की सच्चाई सामने आ सके।

लाइन ठीक करते समय करंट से लाइनमैन की मौत

- करौंथा–बालंद के बीच लाइन ठीक करते समय हादसा
- शटडाउन के बावजूद अचानक लाइन में आया करंट, जांच में जुटा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव करौंथा और बालंद के बीच बिजली लाइन ठीक करते समय एक दर्दनाक हादसा हो गया। काम के दौरान अचानक करंट आने से लाइनमैन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बिजली विभाग और क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया है। मृतक की पहचान हांसी के गांव बड़ छप्पर निवासी नरेंद्र पुत्र बलवान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि नरेंद्र करीब दो साल पहले ही बिजली विभाग में लाइनमैन के पद पर भर्ती हुआ था और उसकी ड्यूटी रोहतक क्षेत्र में लगी हुई थी। अपने काम के चलते वह अक्सर बिजली के खंभों पर चढ़कर लाइन दुरुस्त करता था। नरेंद्र करौंथा-बालंद के बीच खराब पड़ी बिजली लाइन को ठीक करने के लिए मौके पर पहुंचा था। काम शुरू करने से पहले लाइन का शटडाउन लिया गया था, ताकि सुरक्षित तरीके से मरम्मत की जा सके। लेकिन काम के दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया, जिससे नरेंद्र को जोरदार झटका लगा और वह नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद साथी कर्मचारियों ने तुरंत उसे संभाला और गंभीर हालत में पीजीआई रोहतक लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद विभाग के कर्मचारियों में भी चिंता का माहौल है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डेड हाउस में भिजवा दिया है।

युवक को पीटा, बीच-बचाव में पहुंचे चाचा को भी मारा

रोहतक। पीजीआईएमएस थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते युवकों द्वारा मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांधी कैंप निवासी रोहित पुत्र स्व. दलीप सिंह ने बताया कि 2 मई को दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपने दोस्त दीपांशु पुत्र संदीप निवासी आदर्श नगर के साथ जिम में काम करने जा रहा था। जब वे दोनों मदनलाल धींगड़ा कम्युनिटी सेंटर के पास पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद दिनेश, मोहित, सन्नी, रवि, चिराग और आदित्य ने उन्हें रोक लिया। कियातकर्ता के अनुसार, इन युवकों का कुछ समय पहले दीपांशु के साथ झगड़ा हुआ था और उसी रंजिश के चलते उन्होंने दोनों को घेर लिया। आरोपियों ने लकड़ी के डंडों और लोहे की स्लाइगर से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से दोनों युवक संभल भी नहीं पाए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। रोहित ने बताया कि आरोपी दीपांशु को जबरन पास के एक कमरे में ले गए और वहां उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। किसी तरह मौके से निकलकर रोहित ने दीपांशु के चाचा अनिल को घटना की जानकारी दी। जब अनिल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल पक्ष ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पीजीआईएमएस थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर दिनेश, मोहित, सन्नी, रवि, चिराग मामला दर्ज किया गया है।

दिनदहाड़े रास्ता रोककर स्कूटी सवार पर हमला

रोहतक। रोहतक लाखन माजरा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। स्कूटी सवार युवक का रास्ता रोककर दो युवकों ने उसके साथ मारपीट की और सिर पर वार कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव घरोठी निवासी साहिल पुत्र रमेश ने बताया कि 3 मई को सुबह करीब 9 बजे वह अपनी स्कूटी से खेत से घर की ओर लौट रहा था। रास्ते में गांव की तरफ से आ रहे दो युवक मोटरसाइकिल पर उसके पास पहुंचे और उसकी स्कूटी को साइड मारने की कोशिश करने लगे। साहिल के अनुसार, उसने उन्हें सही तरीके से वाहन चलाने के लिए कहा। इस बात से नाराज होकर दोनों युवक कुछ दूरी पर जाकर वापस लौटे और उसकी स्कूटी के आगे मोटरसाइकिल अड़ाकर उसका रास्ता रोक लिया। इसके बाद दोनों ने उसे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं और जबरन स्कूटी से नीचे उतार लिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि मोटरसाइकिल के पीछे बैठे युवक, जिसकी पहचान सन्नी के रूप में हुई है, ने नीचे उतरकर उसके सिर पर अपने हाथ में पहनी हुई किसी वस्तु से वार किया। इसके बाद मोटरसाइकिल चला रहे अज्ञात युवक ने भी किसी वस्तु से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। अचानक हुए इस हमले से साहिल घबरा गया और बचाव का मौका भी नहीं मिला। मारपीट के बाद दोनों आरोपी मोटरसाइकिल लेकर खेतों की ओर फरार हो गए। घायल अवस्था में साहिल ने किसी तरह घटना की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी।

जींद रोड पर भीषण हादसा

थार व कार की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

- कार के उड़े परखच्चे, थार चालक हादसे के बाद फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जींद रोड पर सोमवार को तेज रफ्तार थार और कार की जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान आर्य नगर निवासी अमन के रूप में हुई है, जो अपनी कार से जींद रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार थार ने उसकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और अमन की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थार चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था और टक्कर के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी चालक की पहचान की जा सके।इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है और लोगों ने सख्त ट्रैफिक व्यवस्था की मांग की है।

सोसाइटी ऑफ न्यूरोक्रिटिकल केयर के 9वें वार्षिक सम्मेलन में 300 प्रतिभागियों ने लिया भाग

देशभर से आए चिकित्सकों ने साझा किए अनुभव

80% स्ट्रोक और सिर की चोट के मरीज समय पर नहीं पहुंचते अस्पताल, विकलांगता का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोसाइटी ऑफ न्यूरोक्रिटिकल केयर का 9वां वार्षिक सम्मेलन 1 से 3 मई 2026 के दौरान गुरुग्राम में आयोजित किया गया। यह सोसाइटी विश्व की 12 अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रही है, जिससे न्यूरोक्रिटिकल केयर के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा मिल रहा है। यह एक बहु-विषयक संगठन है, जिसमें डॉक्टर, नर्स, फिजियोथेरेपिस्ट और अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं, जो न्यूरोलॉजिकल रोगों से पीड़ित मरीजों की देखभाल के लिए समर्पित हैं। आयोजन अध्यक्ष डॉ. हर्ष सप्रा ने बताया कि सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य न्यूरोलॉजिकल चोटों और रोगों में शीघ्र उपचार के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि भारत में उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के बावजूद लगभग 80 प्रतिशत स्ट्रोक और सिर की चोट के मरीज समय पर विशेष केंद्रों तक नहीं पहुंच पाते, जिससे दीर्घकालिक न्यूरोलॉजिकल विकलांगता का खतरा बढ़ जाता है।

सम्मेलन में देशभर से लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो भारत में विशेषीकृत न्यूरोक्रिटिकल केयर की बढ़ती आवश्यकता को दर्शाता है। सम्मेलन का नेतृत्व डॉ. हर्ष सप्रा ने किया, जबकि डॉ. वसुधा सिंघल और डॉ. अंशुल भाटिया आयोजन सचिव रहे। सोसाइटी के सचिव डॉ. यश जावेरी ने अकादमिक गतिविधियों का समन्वय किया।सम्मेलन से पूर्व मेदांता हॉस्पिटल, अमृता मेडिकल कॉलेज और मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली में कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें डॉक्टरों और नर्सों को नर्सिंग प्रक्रियाओं तथा ब्रेन अल्ट्रासाउंड जैसी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

पीजीआई में हीट स्ट्रोक और डेंगू से निपटने की तैयारी, 12 बेड की व्यवस्था

रोहतक। भीषण गर्मी, हीट स्ट्रोक और डेंगू के बढ़ते खतरे को देखते हुए पीजीआईएमएस रोहतक ने पूरी तैयारी कर ली है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने आपातकाल विभाग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मरीजों के लिए 12 अतिरिक्त बेड, ट्राइएज रूम और एडवांस हीट स्ट्रोक रूम तैयार किया गया है। हल्के मरीजों का तुरंत उपचार और गंभीर मामलों की प्राथमिकता से जांच की जाएगी। दवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है और ब्लड सैंपल स्ट्रेचर पर ही लेने की व्यवस्था की गई है, ताकि समय की बचत हो और मरीजों को त्वरित उपचार मिल सके।

11 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भाग लिया

सम्मेलन में 11 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भाग लिया। सीएमसी वेल्लोर के डॉ. मैथ्यू जोसेफ ने "चिकित्सा में जीवन अनुभव और नैतिकता" विषय पर व्याख्यान दिया। वहीं, डॉ. कपिल जिरपे ने अंगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रेन डेथ प्रबंधन पर पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें डॉ. आरके मणि मुख्य वक्ता रहे।समापन अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि फेलोशिप कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षित विशेषज्ञों की संख्या बढ़ाई जाएगी, ताकि न्यूरोक्रिटिकल केयर सेवाओं को और मजबूत किया जा सके।

खबर संक्षेप

बिजली कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

सांपला। एचएसईबी वर्कर यूनियन की बैठक 33 केवी सबस्टेशन सांपला में प्रांतीय डिप्टी ऑर्गेनाइजर प्रेम सिंह की अध्यक्षता व यूनिट प्रधान नरेंद्र बल्हारा के संचालन में हुई। बैठक में पुरानी पेंशन, रिस्क अलाउंस, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करने व कैशलेस मेडिकल सुविधा जैसी मांगों पर चर्चा की गई। यूनिट सचिव प्रवेश ओहल्यान ने बताया कि इन मांगों को लेकर यूनियन लगातार आंदोलनरत है। नवजीत खत्री के नेतृत्व में 25 से अधिक कर्मचारियों ने अन्य संगठन छोड़कर यूनियन की सदस्यता ली। प्रांतीय उपमहासचिव विजय हुड्डा, मनदीप शर्मा व संदीप गोयत ने नए सदस्यों का स्वागत किया।

अग्निशमन कर्मियों की 24 को आंदोलन की चेतावनी

रोहतक। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबद्ध) ने 4 मई को प्रदेशभर के सभी डिपो पर प्रदर्शन कर अग्निशमन विभाग के हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन किया। इस दौरान महाप्रबंधकों के माध्यम से महानिदेशक को ज्ञापन भेजा गया। यूनियन के महासचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि सरकार द्वारा श्रमिक हितों के खिलाफ चार लेबर कोड लागू किए जा रहे हैं, जो कर्मचारियों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के फैसले के बावजूद कच्चे को पक्का नहीं किया जा रहा।

पानी संकट से त्रस्त शहर की महिलाओं का फूटा गुस्सा, बोलीं

हम बूढ़ी लुगाई म्हारे बहू कोन्या आरी, हम सिर पै क्यूकर पानी ढोवां

पाइपलाइन बिछाने से पहले सड़क निर्माण का विरोध, माता दरवाजा डेयरी मोहल्ला में किया जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। टूटा हुआ रोड। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। प्रदर्शन करती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

शहर के माता दरवाजा स्थित डेयरी मोहल्ला में लंबे समय से पेयजल संकट झेल रही महिलाओं का गुस्सा सोमवार को फूट पड़ा। क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित होने से परेशान महिलाओं ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं का कहना है कि वे पिछले काफी समय से पानी की समस्या से जूझ रही हैं, लेकिन उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि मोहल्ले में पानी की पाइपलाइन सही ढंग से नहीं बिछाई गई है, जिसके कारण घरों तक नियमित जल आपूर्ति नहीं हो पा रही। हालात इतने खराब हैं कि उन्हें रोजाना दूर-दराज के नलकूपों से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ता है। इससे न केवल उनका समय और श्रम व्यर्थ होता है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। महिलाओं ने यह भी बताया कि कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासन और संबंधित विभाग को अवगत कराया जा चुका है। यहां तक कि पहले भी कई बार सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। इससे क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी बनी हुई है।

सड़क निर्माण तब, जब पाइपलाइन बिछेगी

समाजसेवी प्रजापति ने बताया कि प्रशासन द्वारा मोहल्ले में नई सड़क का निर्माण करवाने की योजना बनाई गई है, जिसका महिलाओं ने कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि जब तक इलाके में नई पाइपलाइन नहीं बिछाई जाती और पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक वे किसी भी हाल में सड़क निर्माण नहीं होने देंगी। उनका तर्क है कि यदि पहले सड़क बना दी गई, तो बाद में पाइपलाइन डालने के लिए उसे दोबारा तोड़ना पड़ेगा, जिससे सरकारी धन और समय दोनों की बर्बादी होगी।

जल्द समाधान हो नहीं तो करेंगे आंदोलन

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द पाइपलाइन बिछाकर नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगी। मोहल्ले की महिलाओं का यह प्रदर्शन एक बार फिर शहर में मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान करता है और क्षेत्रवासियों को राहत मिल पाती है।

न्यूज डायरी

प्रदेश में चौथी बार बनेगी भाजपा सरकार : ग्रोवर

रोहतक। पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत, असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनने एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में दिल्ली रोड स्थित पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के कैंप कार्यालय में भव्य जश्न का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ खुशी जाहिर की और मिठाइयां बांटकर जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता एवं शहरी निकाय राज्य मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कार्यकर्ताओं को झालपुरी और रसगुल्ले खिलाकर मुंह मीठा करवाया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय मे हरियाणा में भी लगातार चौथी बार भाजपा की सरकार बनेगी। यह जीत केवल चुनावी परिणाम नहीं, बल्कि तृणमूल कांग्रेस की कथित गुंडागर्दी, भय और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनता की बुलंद आवाज है।

बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति का अंत, विकास और राष्ट्रवाद की हुई जीत : शमशेर सिंह खरक

सांपला। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता शमशेर सिंह खरक ने पांच राज्यों के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और विकास राजनीति की निर्णायक जीत बताया है। सांपला नगर पालिका चुनाव प्रचार के दौरान आयोजित विजय उत्सव में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब तुष्टिकरण की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के राजनीतिक वर्चस्व को जनता ने कड़ी चुनौती दी है, जो तुष्टिकरण की राजनीति के अंत का संकेत है। वहीं, असम में भाजपा की लगातार तीसरी जीत को उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार के विकास कार्यों और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था पर जनता की मुहर बताया।

असम व पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर कलानौर में जश्न, वातावरण हुआ उत्सवमय

कलानौर। पश्चिम बंगाल, असम व पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में कलानौर शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ भव्य जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर लड्डू बांटे, बाजार में लोगों को मिठाई खिलाई और जीत की खुशी में नारेबाजी करते हुए वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर भाजपा रोहतक के जिला प्रभारी डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत देश की जनता के अटूट विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं, पारदर्शी प्रशासन और विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने जनता के दिलों में गहरी छाप छोड़ी है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत की खुशी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

महम। पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी में महम में लड्डू बांटकर जश्न मनाया गया। भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रहे अजीत अहलावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र की नीतियों पर मुहर लगाई है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे लगाए। सैमाण गांव के सतगुरु मंदिर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर भाजपा की जीत का जश्न मनाया। महंत सतीश दास ने कहा कि देश हित में सभी प्रदेशों में भाजपा की सरकार बनना जरूरी है। मौके पर सुखबीर गोयत, एमीनेंट पर्सन जस्सू नाई, कृष्ण पवार, नन्हा प्रधान, दयानंद नैन, गुरनाम सिंह, मंगल ढाका, मंगत आदि रहे।

मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर किया हवन

रोहतक। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के 72वें जन्मदिन के अवसर पर स्थानीय गोशाला परिसर में श्रद्धा के साथ हवन-यज्ञ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने मुख्य रूप से भाग लेते हुए हवन-यज्ञ का संचालन किया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, गो-सेवकों ने केंद्रीय मंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना की।

नया बांस में पार्क निर्माण कार्य शुरू बच्चे-बुजुर्ग उठा सकेंगे सैर का आनंद

सांपला। सांपला खंड के गांव नया बांस में पंचायत द्वारा एक नए पार्क के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। गांव की सरपंच कविता शास्त्री ने अपने हाथों से नींव रखकर इस परियोजना की शुरुआत की। इस मौके पर पंच सुमन, मनीष कुमार, निधि और मुकेश सहित ग्रामीण श्यामलाल, भगवान दास, रामशरण, बलजीत और ओमप्रकाश समेत कई लोग मौजूद रहे। करीब पौने एकड़ भूमि में तैयार होने वाले इस पार्क को लेकर सरपंच कविता शास्त्री ने बताया कि गांव में पहले से तीन पार्क मौजूद हैं, लेकिन उनकी स्थिति ऐसी है कि आम लोगों के लिए उनका उपयोग करना आसान नहीं है। दो पार्क आबादी से दूर हैं, जबकि एक मुख्य सड़क के दूसरी ओर होने के कारण वहां पहुंचना असुविधाजनक है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से गांव के बीच में एक पार्क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए पंचायत ने अब आबादी के अंदर ही पार्क निर्माण का निर्णय लिया है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पंचायत और सरकार का आभार व्यक्त किया है।

नपा चुनावः मतदान स्टाफ का द्वितीय रेंडोमाइजेशन, 21 पोलिंग पार्टियां गठित

रोहतक। सांपला नगरपालिका के 10 मई को होने वाले आम चुनाव को निष्पक्ष व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को मतदान स्टाफ का द्वितीय रेंडोमाइजेशन किया गया। यह प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता, सामान्य पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार तथा रिटर्निंग अधिकारी अंकिता पुवार की मौजूदगी में पूरी की गई। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस प्रक्रिया के तहत सभी 16 मतदान केंद्रों के लिए 16 मतदान पार्टियां तथा 5 आरक्षित मतदान पार्टियां गठित की गईं। इस प्रकार कुल 21 पोलिंग पार्टियां तैयार की गई हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी परिस्थिति से निपटा जा सके। इसके अलावा, पांच महत्वपूर्ण स्थानों के लिए पांच माइक्रो ऑब्जर्वर तथा दो आरक्षित माइक्रो ऑब्जर्वर का भी रेंडोमाइजेशन किया गया। पूरी प्रक्रिया के बाद संबंधित डाटा को लॉक कर दिया गया, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह रेंडोमाइजेशन किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की पक्षपात की संभावना को समाप्त किया जा सके।

रोहतक। मीटिंग लेते जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता।

रोहतक। विदाई समारोह में मौजूद हिन्दू एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी व विद्यार्थी।

एचआईएमटी में विदाई पार्टी, अनमोल मिस्टर और दिया बनीं मिस फेयरवेल

रोहतक। हिन्दू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ डायरेक्टर डॉ. हितेश ढल्ल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान एमबीए, एमसीए और बीसीए के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में पाश्चात्य और देसी संगीत का संगम देखने को मिला, जहाँ भांगड़ा पर सीनियर और जूनियर छात्र एक साथ थिरके। मंच का संचालन अर्पित और पुष्पेंद्र ने किया। समारोह में हिन्दू एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान श्याम कपूर, उप प्रधान अजय निझावन, जनरल सेक्रेटरी संजय आहूजा और कोषाध्यक्ष जतिन लूथरा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के डायरेक्टर ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान भी प्राप्त होता है। एमबीए में अर्पित को मिस्टर फेयरवेल और एकता को मिस फेयरवेल चुना गया। एमसीए में अनमोल मिस्टर फेयरवेल और रिया मिस फेयरवेल बनीं। बीसीए में मानिक को मिस्टर फेयरवेल और दिया को मिस फेयरवेल का खिताब मिला।

रोहतक। विदाई समारोह में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एमडीयू के पत्रकारिता विभाग में विदाई समारोह नृत्य, गीत और अभिनयों से बनाया यादगार

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (मदवि) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एम.ए. (प्रीवियस) के विद्यार्थियों ने एम.ए. फाइनल के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। गीत, संगीत, नृत्य और अभिनय से सजी इस रंगारंग प्रस्तुति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक-सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं वर्तमान एडजंक्ट फैकल्टी डॉ. हरीश कुमार, डॉ. बेनुल तोमर, सुनित मुखर्जी तथा डॉ. नवीन कुमार ने फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सीनियर विद्यार्थियों ने विभाग में बिताए अपने अनुभवों और यादों को भावुक अंदाज में साझा किया, वहीं जूनियर्स द्वारा दिए गए विभिन्न टास्क को भी उत्साह पूर्वक पूरा किया। समारोह में फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों में वंश और मुस्कान को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट परफॉर्मर के रूप में सम्मानित किया गया। जूनियर्स ने सीनियर्स को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। फेयरवेल पार्टी फन के साथ साथ इमोशंस का भी परिचायक बन मधुर यादें छोड़ गईं।

सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करें अधिकारी : सुमिता ढाका

रोहतक। सहकारिता विभाग, हरियाणा की रजिस्ट्रार सुमिता ढाका (आईएएस) ने रोहतक का दौरा कर विभागीय कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उप-रजिस्ट्रार (डीआर) कार्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में रजिस्ट्रार ने उप-रजिस्ट्रार (डीआर) और सहायक रजिस्ट्रार (एआर) को निर्देश दिए कि वे सहकारी समितियों के सदस्यों को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। रजिस्ट्रार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुचारू संचालन को प्राथमिकता दी जाए। दौरे पर ढाका ने प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) रोहतक, जसिया और बसंतपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन समितियों में डे-एंड प्रक्रिया और ऑनलाइन बैंकिंग सेवाओं की गहन जांच की। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्राहकों से बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक भी लिया।

रोहतक। विभागीय कार्यप्रणाली का जायजा लेते सहकारिता विभाग, हरियाणा की रजिस्ट्रार सुमिता ढाका (आईएएस)। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

एचपीवी टीकाकरण और समय पर जांच से रोका जा सकता है सर्वाइकल कैंसर : विशेषज्ञ

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के गणित विभाग द्वारा महिला प्रजनन स्वास्थ्य को लेकर एक दिवसीय जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुमित गिल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और संकाय सदस्यों को महिलाओं की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रो. सुमित गिल, प्रो. सीमा मेहरा, डॉ. अंजू पंवार, डॉ. पूनम रेड्डु और समन्वयक मिस पूनम ने आमंत्रित वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम समन्वयक की भूमिका शोधार्थी पूनम ने निभाई। चिकित्सकों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारतीय महिलाओं में पाया जाने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है, लेकिन राहत की बात यह है कि एचपीवी टीकाकरण और समय पर जांच के माध्यम से इसे 100% रोका जा सकता है। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कांता जोला सैनी ने आओ गाँव चलें-आईएमए मिशन के 2026 के लक्ष्यों और विजन से अवगत कराया। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग, टीकाकरण विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बच्चों को सक्षम बनाएगी 'सुपर 40'

- सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नि:शुल्क तैयारी का मिलेगा अवसर, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शुरू किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। सुपर 40' कार्यक्रम का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ।

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सोमवार को रोहतक में जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए 'सुपर 40' कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इसे सरकारी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव लाने वाली महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संसाधनों की कमी से मुक्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सक्षम बनाएगी। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का संकल्प है कि कोई भी बच्चा अभाव में पीछे न रह जाए और प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अवसर उपलब्ध कराए जाएं। इसी दिशा में उन्होंने कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 5 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय मार्गदर्शन देना, उनके भीतर प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना और उन्हें विशेषज्ञों का सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि वे निजी संस्थानों के विद्यार्थियों के समान स्तर पर आगे बढ़ सकें।

गोहाना रोड पर बाइपास फ्लाई ओवर के पास हुई जमीन उपलब्ध

लाखन माजरा में बनेगा बस स्टैंड, जीएम ने पंचायत से मांगा प्रस्ताव

दीपक हुड्डा ने सीएम को दिया था मांग पत्र

राज कुमार नरवाल ▶▶ महम

लाखन माजरा गांव में बस स्टैंड बनने की प्रबल संभावना हो गई है। क्योंकि हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक के महाप्रबंधक ने लाखन माजरा गांव की सरपंच उषा से बस स्टैंड के लिए जमीन उपलब्ध करवाने बारे प्रस्ताव मांगा है। रोडवेज जीएम द्वारा सरपंच को लिखे गए इस पत्र में कहा गया है कि भाजपा नेता दीपक हुड्डा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यालय में एक मांग पत्र दिया है। इस मांग पत्र में उन्होंने लाखन माजरा गांव में बस स्टैंड बनवाने की आवश्यकता बारे लिखा गया है। ताकि आस-पास के गांवों से आने जाने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसलिए ग्राम पंचायत लाखन माजरा अपना रेजुलेशन पास करके उनके पास भिजवाने की कृपा करें। ताकि आपका कार्य समय पर पूरा किया जा सके। गांव की सरपंच उषा देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत ने रेजुलेशन पास करके रोडवेज महाप्रबंधक रोहतक को भेज दिया गया है। ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव भेजा है कि बस स्टैंड गांव में गोहाना रोड पर फ्लाई ओवर के पास बनना चाहिए। वहां पर ग्राम पंचायत की सवा एकड़ जमीन है। वहां पर मिनी बस स्टैंड बनाया जा सकता है। यहां से भिवानी से गोहाना, पानीपत, सोनीपत, महम, करनाल, अंबाला और चंडीगढ़ तक और रोहतक, जींद, नरवाना, बावल, रेवाड़ी, झज्जर और पंजाब के शहरों तक जाने वाली बसों के लिए यह ठहराव कारगर साबित होगा।

महम। मंजी साहिब गुरुद्वारा लाखन माजरा। फोटो : हरिभूमि

मंजी साहिब पर हर माह पूर्णिमा पर लगता है मेला

रोहतक से 18 किलोमीटर और जींद से 35 किलोमीटर की दूरी पर लाखन माजरा गांव में मंजी साहिब गुरुद्वारा सिख व हिंदू धर्म के लिए पवित्र स्थान है। यहां देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी संगत मत्था टेकने के लिए आती है। इस तीर्थ स्थल पर नौवें पातशाह गुरुतेग बहादुर आनंदपुर साहिब से चलकर दिल्ली जाते समय 13 दिन ठहरे थे। इस गुरुद्वारा साहिब में प्रत्येक महीने पूर्णिमा के दिन मेला लगता है। होली के दिन होल्ला मोहल्ला कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। गुरुद्वारा में होने वाले मेलों और कार्यक्रमों में देश विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं। गांव में बस स्टैंड न होने ये यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग वाहनों के इंतजार में धूप और ठंड में सड़क किनारे खड़े रहते हैं। यदि यहां बस अड्डा बन जाएगा तो यात्रियों को राहत मिलेगी। शौचालय, पेयजल और छाया की सुविधा यात्रियों को मिल जाएगी। बस का इंतजार भी करना पड़ेगा तो यात्रियों को कठिनाई नहीं होगी।

रोहतक। दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों के साथ राज्यपाल डॉ असीम कुमार घोष व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। समारोह में 760 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गईं। इस दौरान 35 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए गए। फोटो : हरिभूमि

कुलाधिपति और राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

राज्य की कला, संस्कृति व रचनात्मकता का हृदय है यूनिवर्सिटी

दीक्षांत समारोह में 760 विद्यार्थियों को दीं डिग्रियां, 35 ने जीते गोल्ड मेडल

- राज्यपाल बोले- रचनात्मक नेतृत्वकर्ताओं का निर्माण कर रही डीएलसीसुपवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स में सोमवार को दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कुलाधिपति व प्रदेश के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष की अध्यक्षता में छात्रों को डिग्रियां दी गई। उनकी धर्मपत्नी, फर्स्ट लेडी ऑफ हरियाणा मित्रा घोष के साथ विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व सीएम के ओएसडी डॉ राज नेहरू मौजूद रहे। दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना, वंदेमातरम व सुपवा के कुलगीत के साथ समारोह शुरू किया गया। समारोह के दौरान अलग-अलग बैच व कोर्स के 760 छात्रों को ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री दी गई। शानदार प्रदर्शन करने वाले 35 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए गए।

कुलाधिपति डॉ असीम कुमार घोष ने कहा कि डीएलसीसुपवा के दीक्षांत समारोह में उपस्थित होना मेरे लिए गौरव का विषय है। यह संस्थान ऐसे रचनात्मक नेतृत्वकर्ताओं का निर्माण कर रहा है, जो प्रदर्शन व दृश्य कला, फैशन व वस्त्र डिजाइन, फिल्म व टेलीविजन के अलावा आर्किटेक्ट जैसे क्षेत्रों के माध्यम से समाज को प्रभावित कर रहे हैं। यह संस्थान महान सूर्य कवि दादा लखमी चंद के नाम पर स्थापित है, जिनकी विरासत आज भी कलाकारों की पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, सृजनात्मकता और जिम्मेदारी का उत्सव है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम में हिस्सा लेना केवल राजकीय कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत रूप से भी हर्ष व गर्व का विषय है। यह यूनिवर्सिटी हमारे राज्य की कला, संस्कृति व रचनात्मकता का हृदय है। यहां से डिग्री लेकर निकलना इस बात का प्रमाण है कि आप केवल शिक्षित नहीं हुए हैं, बल्कि आपने यहां पर अपनी संवेदनाओं व हुनर को तराशा है। इस दौरान पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, सीडीएलयू सिरसा के कुलपति डॉ विजय कुमार, जीजेयू हिसार के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, डीकरस्ट मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया, पीजीआई कुलपति डॉ एचके अग्रवाल समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

रोहतक। दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियो को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित करते राज्यपाल डॉ असीम कुमार घोष व शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। डिग्री मिलने के बाद खुशी मनाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

एक उत्सव की तरह मनाएं दीक्षांत समारोह : कुलगुरु

यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि यह दिन आपके जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह केवल आपकी शैक्षणिक यात्रा का समापन नहीं, बल्कि एक नए युग, नए अवसरों व नई जिम्मेदारियों की शुरुआत है। इस यूनिवर्सिटी में आपने जो ज्ञान, कौशल व संस्कार प्राप्त किए हैं, वह आपके जीवन भर आपका मार्गदर्शन करेंगे।

डिग्री मिलने के बाद जगह जगह झूमते नजर आए छात्र

छात्रों को जैसे ही डिग्री मिली वह अपने बैच के अन्य छात्रों के साथ जगह जगह पर अपनी पुरानी यादें ताजा करते हुए नजर आए। वहीं छात्राओं में भी काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने भी अपने माता पिता और दोस्तों के साथ सेल्फी अपने फोन में कैद की। साथ में आए अभिभावक भी काफी उत्साहित नजर आए। क्योंकि उनका कहना था कि आठ साल बाद बच्चों को यह डिग्री मिल रही है। ऐसे में इंतजार की घड़ी तो खत्म हुई ही है और अब बच्चों को आगे की राह भी मिल चुकी है।

जानिए...क्या कहते हैं अभिभावक

- आज का दिन हमारे लिए बेहद खुशी और गर्व का है। भले ही डिग्री मिलने में समय लगा, लेकिन बच्चों की मेहनत आखिर रंग लाई। उन्हें मंच पर सम्मान के साथ डिग्री लेते देख दिल खुश हो गया। अब हमें विश्वास है कि वे अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर नए उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेंगे। — रीना
- दीक्षांत समारोह में बेटे को डिग्री प्राप्त करते देख बहुत संतोष और गर्व महसूस हुआ। यह उसके धैर्य और मेहनत का परिणाम है। देर से ही सही, लेकिन आज उसकी सफलता को मान्यता मिली है। हमें उम्मीद है कि यह उपलब्धि उसके करियर में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी और वह आगे और भी अच्छा करेगा। —राजकुमार खुराना
- सिनेमेटोग्राफी में डिग्री प्राप्त करना मेरे लिए गर्व और खुशी का क्षण है। यह मेरी मेहनत, रचनात्मकता और धैर्य का परिणाम है। अब मैं नई तकनीकों के साथ अपने सपनों को साकार करते हुए फिल्म जगत में एक सफल भविष्य बनाने के लिए तैयार हूं। —रिषभ खुराना

अमरनाथ यात्रा के लिए ड्रेस और पुस्तक का विमोचन

रोहतक। झज्जर रोड स्थित वैश्य महिला महाविद्यालय में 'हर हर महादेव सेवा समिति' ने 16वां वार्षिक महोत्सव एवं भंडारा लगाया। मुख्य संरक्षक राजेश जैन के निर्देशन में हुए इस समारोह में सेवादारों की नई ड्रेस और संस्था की वार्षिक पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश जैन, महामण्डलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि समिति द्वारा आगामी 3 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक अमरनाथ यात्रा के दौरान चंदनवाड़ी और पिस्सू टॉप के बीच विशाल भंडारा लगाया जाएगा। समारोह में ललित अग्रवाल ग्रुप के कलाकारों ने 'बम-बम भोले' जैसे भजनों और मनमोहक 'शिव तांडव' नृत्य से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्लेखनीय है कि समिति पिछले 12 वर्षों से अमरनाथ यात्रियों की सेवा कर रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों और अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

नगाड़ा वादन की 15 दिवसीय कार्यशाला का किया उद्घाटन

रोहतक। अभिनव टोली में नॉर्थ जोन कल्चर सेंटर, पटियाला के सहयोग से नगाड़ा वादन की 15 दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को पारंपरिक नगाड़ा वादन की बारीकियां सिखाई जाएंगी। प्रशिक्षक के रूप में सुभाष नगाड़ा बच्चों को प्रशिक्षण देंगे और उन्हें इस लोक कला से जोड़ने का प्रयास करेंगे। प्रशिक्षक सुभाष नगाड़ा ने कहा कि हरियाणवी लोक वाद्य नक्कारा एक समय साँग और रागिनी का प्रमुख वाद्य होता था। बाद में लोक नृत्यों में भी इसका प्रमुख स्थान रहा। लेकिन अब यह वाद्य यंत्र लुप्तप्रायः हो गया है। लोक संगीत के प्रचार-प्रसार में कार्यरत उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला लगातार ऐसे प्रयास करता रहता है कि हमारी दुर्लभ लोक परम्पराएं जीवित रहें और उनकी पहुंच युवा पीढ़ी तक बने। इसी कड़ी में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

संस्था के संस्थापक जगदीप जुगनू ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में सांस्कृतिक रुचि विकसित करना और उन्हें अपनी परंपराओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को भी निखारती हैं।

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने सेव बड्र्स अभियान से दिया संवेदनशीलता का संदेश

रोहतक। भीषण गर्मी और सूखते जल स्रोतों के बीच परिंदों की प्यास बुझाने के लिए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने सराहनीय पहल करते हुए "सेव बड्र्स: फूड एंड वाटर ड्राइव" अभियान चलाया। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स तथा डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन्स द्वारा किया गया। अभियान का उद्देश्य गर्मी में पक्षियों को भोजन और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना और विद्यार्थियों में जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। कार्यक्रम में डीन प्रो. अनिल कनवा, प्रो. जसप्रीत दहिया और प्रो. देवेंद्र वशिष्ठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अभियान के दौरान छात्रों को अपने घरों और आसपास भी ऐसे प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप दहिया, सुनील कौशिक और उमेश्वर का विशेष योगदान रहा। अंत में संदेश दिया गया कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव की नींव रखते हैं और "सेव बड्र्स" अभियान इसी सकारात्मक सोच का प्रतीक है। प्रो. अनिल कनवा ने कहा कि मूक प्राणियों की सेवा ही सच्ची मानवता है और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना हमारा नैतिक दायित्व है। प्रो. सुमन पहल और डॉ. तिलक राज रोहिल्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के परिंडे लगाए गए।

डॉ. प्रवीण मल्होत्रा ने किया फिजियोथैरेपी सेंटर का दौरा

सांघी में जल्द शुरू की जाएगी काला पीलिया की मुफ्त जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पीजीआई से गैस्ट्रोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा ने सांघी में मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से चलाए जा रहे बिमल प्रसाद एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सेंटर पर पहुंचे मरीजों की जांच की, साथ ही सेंटर पर मौजूद सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ पीजीआई की महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वाणी भी मौजूद रही। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा काफी समय से सेंटर पर दी जा रही सेवाओं की खबरें सोशल मीडिया पर देख रहे थे। ऐसे में उनकी इच्छा हुई कि क्यों ना एक बार सेंटर का दौरा किया जाए। ऐसे में डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा और डॉक्टर वाणी सोमवार को सेंटर पर पहुंचे। जिस दौरान उनका स्वागत किया गया और सेंटर पर मौजूद तमाम मशीनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसके बाद उन्होंने सेंटर के संरक्षक राजेश जैन का धन्यवाद किया। क्योंकि आज के समय में गरीब लोगों को इतने कम दाम में इलाज मिल पाना लगभग असंभव है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि डॉक्टर प्रवीण मल्होत्रा ने इस मौके पर सेंटर पर आने वाले दिनों में एक और सुविधा देने का वादा किया है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही सेंटर पर काला पीलिया की जांच निशुल्क की जाएगी। साथ ही जिन लोगों को काला पीलिया की समस्या मिलती है, उन्हें इसकी वैक्सीन भी निशुल्क लगाई जाएगी। क्योंकि सेंटर पर आने वाले मरीज अक्सर काला पीलिया के बारे में पूछते थे। लेकिन सुविधा मौजूद ना होने के चलते उन्हें शहर जाना पड़ता था। इस मौके पर अनिल,सतीश, किरण, कृष्णा और गांव के अन्य लोग मौजूद रहे।

सेंटर पर मरीजों से जानकारी लेते पीजीआई से गैस्ट्रोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मल्होत्रा।

पठानिया स्कूल में बच्चों ने दिखाया भाषा कौशल

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में सीनियर केजी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए "वर्ड्स ऑफ वंडर्स" गतिविधि का आयोजन किया गया। इस ज्ञानवर्धक और रोचक गतिविधि का संचालन वीना सहगल और रीतू वधवा ने किया। डेढ़ सौ बच्चों ने शब्दों की पहचान, सही उच्चारण और उनके अर्थ समझने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों के भाषा विकास, शब्द भंडार में वृद्धि, उच्चारण कौशल, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा मिला। साथ ही उनकी एकाग्रता, स्मरण शक्ति और प्रस्तुतीकरण क्षमता भी मजबूत हुई। स्कूल प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर ऐसी शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इनमें मैथ्स मैजिक, ब्लॉक बिल्डिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, शो एंड टेल और स्टोरी टेलिंग जैसी गतिविधियां शामिल हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। इस मौके पर को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर और हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

एमडीयू में टाइम मैनेजमेंट पर प्रशिक्षण 6 मई को

रोहतक। एमडीयू के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज (एएससी) द्वारा 6 मई को प्रशासनिक कार्यालयों में समय प्रबंधन और कार्य दक्षता विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल बतौर रिसोर्स पर्सन प्रशासनिक कार्यों को प्रभावी बनाने, कार्यभार को प्राथमिकता देने, दैनिक व्यवधानों को कम करने तथा डिजिटल टूल्स के उपयोग से कार्यों को सरल बनाने के उपाय साझा करेंगे। साथ ही विभागीय संचार को बेहतर बनाने पर भी मार्गदर्शन करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से एफडीसी सेमिनार हॉल में प्रारंभ होगा।

म्हारी शूटर बेटी कनक ने 3 पदक जीते

रोहतक। केएसएस शूटिंग चैंपियनशिप में रोहतक की शूटर बेटी कनक ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें कनक उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर पीस्टल के अलग-अलग इवेंट में दो स्वर्ण, एक रजत कुल तीन पदक जीते। इसी प्रतियोगिता में एक मई को 25 मीटर पीस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। यह प्रतियोगिता दिल्ली में आयोजित की गई। कनक की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। कोच संदीप नेहरा ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सोमवार को कनक का अभिनंदन शूटिंग अकादमी पर स्वागत किया गया। कनक के पिता सुधीर सिंह खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश और जिले का नाम रोशन किया है।

एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखांएगे हरियाणा के 9 पहलवान

रोहतक। अंडर-23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप की ट्रायल में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें हरियाणा ने 9 पहलवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्वालिफाई किया। यह ट्रायल लखनऊ में आयोजित किया गया। सभी खिलाड़ियों के चयन से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इसमें 61 किलोग्राम में दीपक, 65 किलोग्राम में मोहित कुमार, 70 किलोग्राम में सिद्धार्थ, 74 किलोग्राम में दीपक, 79 किलोग्राम में चंद्रमोहन, 86 किलोग्राम में सचिन मोर, 92 किलोग्राम में पुनीत कुमार, 97 किलोग्राम में विक्की और 125 किलोग्राम में लक्की का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी 23 से 31 मई तक वियतनाम में होने वाली एशियन कुश्ती में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पुनीत।

विक्की।

सचिन मोर।

सिद्धार्थ।

अंडर-17 महिला क्रिकेट नेशनल टूर्नामेंट में हरियाणा चैंपियन

रोहतक। एमएस सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंहपुरा स्टेडियम में 69वीं अंडर-17 महिला क्रिकेट नेशनल टूर्नामेंट का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सचिन गुप्ता ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा हरियाणा के उपाध्यक्ष सतीश नांदल और जैन एजुकेशन सोसायटी के महासचिव मनीष जैन उपस्थित रहे। फाइनल मुकाबले में हरियाणा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि सीबीएसई टीम तीसरे स्थान पर रही। हरियाणा टीम की जीत में परी, मानवी, अर्चना, मन्नत, तृप्ति और फलक साहनी सहित अन्य खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। कोच सुनील और मैनेजर सोनिका दलाल के मार्गदर्शन में टीम ने यह सफलता हासिल की। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए फलक साहनी को "प्लेयर ऑफ द मैच" और परी को "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" चुना गया। इस मौके पर विजेता और अन्य टीमों को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक हिमांक मित्तल और प्राचार्या रितु के नेतृत्व में खिलाड़ियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं।

खेल फरीदाबाद के सेक्टर-37 स्थित कम्युनिटी सेंटर के इनडोर खेल परिसर में प्रतियोगिता

स्टेट योगासन चैंपियनशिप में रोहतक के खिलाड़ियों ने जीते 5 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

फरीदाबाद के सेक्टर-37 स्थित कम्युनिटी सेंटर के इनडोर खेल परिसर में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स के तत्वावधान में आयोजित हरियाणा स्टेट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में रोहतक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके पांच पदक जीते। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 520 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों एवं योगासन इवेंट्स में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट एवं योग कोच डॉ. जनक राज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संतुलन, लचीलापन एवं शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को प्रभावित किया, रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। लड़कों के 5 से 9 वर्ष आयु वर्ग (ट्रेडिशनल इवेंट) में यश ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया, जबकि 10 से 14 वर्ष आयु वर्ग में आदर्श ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, आर्टिस्टिक सोलो इवेंट (सब-जूनियर) में आदर्श ने गोल्ड मेडल तथा अभिनव ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, वहीं रिदमिक पेयर इवेंट में अभिनव एवं आदर्श की जोड़ी ने गोल्ड मेडल जीतकर रोहतक जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित किया। लड़कियों के 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में सुहाना ने पांचवां स्थान प्राप्त किया, जबकि 5 से 9 वर्ष आयु वर्ग में देवीना एवं जन्नत ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, ये सभी खिलाड़ी 27 से 29 जून को रुड़की (हरिद्वार) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

रोहतक। कोच डॉ. जनक राज के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

प्रोफेशनल कुश्ती में सुजीत ने जीता टाइटल

रोहतक। प्रोफेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुजीत कलकल ने टाइटल अपने नाम किया। सुजीत ने रूस के पहलवान को 6-4 से हराकर यह टाइटल जीता है। सुजीत की जीत से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। यह प्रतियोगिता रुस में आयोजित की गई। हाल ही में अप्रैल में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में सुजीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश को सोना जीताया था। चरखी दादरी के एक छोटे से गांव इमलोटा से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेरने वाले पहलवान सुजीत कलकल आज युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं। मिट्टी के अखाड़ों में पसीना बहाकर अंतरराष्ट्रीय मैट तक पहुंचने का सुजीत का सफर जितना रोमांचक है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। सुजीत के रगो में कुश्ती का जुनून विरासत से मिला है। उन्होंने 2008 में पिता दयानंद कलकल से प्रेरित होकर कुश्ती की दुनिया में कदम रखा था। दयानंद स्वयं सेना में रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान रह चुके हैं। पिता के मार्गदर्शन और मां मंजीत देवी (गृहिणी) के अटूट सहयोग ने सुजीत को हर मुश्किल से लड़ना सिखाया। शुरुआती वर्षों में गांव की मिट्टी में कुश्ती के दांव-पेंच सीखने के बाद, सुजीत ने पेशेवर प्रशिक्षण के लिए साल 2021 में सोनीपत का रुख किया। यहां उन्हें कोच कुलदीप का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिन्होंने सुजीत की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाई।

सुजीत की उपलब्धियां

2021 में जूनियर नेशनल में सिल्वर मेडल जीता। 2022 में जूनियर और सीनियर नेशनल दोनों में गोल्ड मेडल हासिल किया। 2022 के बाद अब तक हर साल सीनियर नेशनल में लगातार गोल्ड जीते। 2022 में अंडर-23 एशिया में गोल्ड, अंडर-20 एशिया में गोल्ड और अंडर-20 वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता।

आंधी का कहर: आठ खंभे टूटे, आधे शहर की सप्लाई ठप, पानी को भी तरसे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में देर रात आई तेज आंधी ने शहर और आसपास के गांवों की बिजली व्यवस्था को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया। अचानक बदले मौसम ने कुछ ही मिनटों में ऐसा रूप लिया कि कई इलाकों में अंधेरा छा गया और लोग रातभर परेशान रहे। आंधी इतनी तेज थी कि गांव बोहर में एक बिजली पोल, खेड़ी साध में दो पोल व तार, और गांव गद्दी खेड़ी में चार बिजली पोल धराशायी हो गए। इसके अलावा शहर के कई हिस्सों में बिजली के तार टूट गए, जिससे आधे शहर और आसपास के गांवों की बिजली सप्लाई बाधित हो गई।

पानी की सप्लाई रही ठप

आंधी के कारण हुए इस नुकसान का असर सिर्फ बिजली तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल आपूर्ति भी पूरी तरह प्रभावित हो गई। बाबरा मोहल्ला, माता दरवाजा, खेड़ी साध और गांव बोहर सहित कई क्षेत्रों में बिजली न होने के कारण पानी की सप्लाई ठप हो गई। सुबह होते ही लोगों को पानी के लिए जूझना पड़ा और कई घरों में पीने तक का पानी खत्म हो गया। लोगों का कहना है कि रात करीब 11 बजे अचानक तेज हवाएं चलनी शुरू हुईं, जिसके बाद धूल भरी आंधी ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। कई जगहों पर पेड़ झुक गए और बिजली के पोल टूटकर सड़कों पर गिर पड़े। इससे न केवल बिजली बाधित हुई, बल्कि कुछ स्थानों पर आवागमन भी प्रभावित हुआ। बाबरा मोहल्ला शिव किशोर ने बताया कि रात को अचानक बिजली चली गई और पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। सुबह जब पानी भी नहीं आया तो परेशानी और बढ़ गई। वहीं माता दरवाजा क्षेत्र के लोगों ने बताया कि बिजली न होने के कारण मोटर नहीं चल सकी, जिससे पानी की भारी किल्लत हो गई।

बिजली निगम ने मरम्मत कार्य किया शुरू

बिजली निगम की टीमों को जैसे ही आंधी से हुए नुकसान की सूचना मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंचीं और मरम्मत कार्य शुरू किया। हालांकि कई जगह पोल पूरी तरह टूट जाने के कारण सप्लाई बहाल करने में समय लगा। निगम अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है और जल्द ही सभी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली बहाल कर दी जाएगी।

कहां-कहां हुआ नुकसान

- गांव बोहर: 1 बिजली पोल टूटा
- खेड़ी साध: 2 पोल व तार क्षतिग्रस्त
- गांव गद्दी खेड़ी: 4 पोल गिरे
- शहर के कई इलाकों में बिजली के तार टूटे

इन इलाकों में ज्यादा परेशानी

- बाबरा मोहल्ला
- माता दरवाजा
- खेड़ी साध
- गांव बोहर
- गद्दी खेड़ी

सांपला में भी पोल और पेड़ गिरे

सांपला। कस्बे के वार्ड नंबर 10 में निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर बिजली के तार चोरी कर ले गए। मकान मालिक कृष्ण की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार, मकान का निर्माण कार्य जारी था और साथ ही बिजली की फिटिंग करवाई जा रही थी। रविवार रात को अज्ञात व्यक्ति फिटिंग के सभी तार चोरी कर ले गए। वहीं दूसरी ओर, रविवार आधी रात को आई तेज आंधी ने क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया। आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और आधा दर्जन बिजली के पोल टूट गए, जिससे कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

ज्येष्ठ में सावन जैसा मौसम, 6 मई तक रहेगी ठंडक, 10 से फिर भीषण गर्मी

रोहतक। रोहतक में मई की शुरुआत इस बार राहत भरी रही। जहां आमतौर पर ज्येष्ठ के महीने में तेज धूप और लू का सामना करना पड़ता है, वहीं सोमवार 4 मई के बाद मौसम ने अचानक करवट ली और लोगों को सावन जैसा एहसास होने लगा। दिन और रात के तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रोहतक का तापमान सामान्य से करीब 8 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से अस्थायी राहत मिली। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और 15 से 18 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ठंडी पूर्वी हवाओं ने मौसम को और सुहावना बना दिया। सड़कों पर जहां आम दिनों में गर्मी से सन्नाटा रहता है, वहीं इस बदले मौसम में लोग बाहर निकलते नजर आए। किसानों के लिए भी यह मौसम कुछ हद तक फायदेमंद माना जा रहा है, हालांकि तेज हवाओं और संभावित बारिश से फसलों को नुकसान की आशंका भी बनी रहती है। मौसम विभाग के अनुसार यह ठंडक ज्यादा लंबे समय तक नहीं टिकेगी। 4 मई से शुरू हुआ बारिश, आंधी और बादलों का असर लगभग 6 मई तक बने रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट बनी रह सकती है, जिससे लोगों को हल्की ठंडक का अनुभव होता रहेगा।

खबर संक्षेप

मकान से बिजली के तार चोरी

सांपला। कस्बे के वार्ड नंबर 10 में निर्माणाधीन मकान से अज्ञात व्यक्ति बिजली के तार चोरी कर ले गए। पुलिस ने मकान मालिक कृष्ण के बयान पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कृष्ण ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि कि उसने वार्ड नंबर 10 में मकान का निर्माण चल रहा है। साथ साथ बिजली की फिटिंग भी करा रहा हूं। रविवार की रात कोई फिटिंग के सभी तार चोरी कर ले गया।

प्रेम विवाह के आठ माह बाद कोलकता की युवती लापता

रोहतक। कलानौर खंड के गांव सैंपल से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां प्रेम विवाह के महज आठ माह बाद कोलकता की युवती अचानक घर से लापता हो गई। घटना के बाद पति ने कलानौर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस से पत्नी को जल्द ढूंढने की गुहार लगाई है।

एमडीयू ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए

रोहतक। मदवि ने दिसंबर 2025 तथा जनवरी 2026 में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि एमबीए 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड (एनईपी) के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर (फ्रेश व री-अपीयर), एम.ए. (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर (सीडीओई) के री-अपीयर तथा बीकॉम (डीडीई सेमेस्टर) एनईपी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है।

जिस सड़क से 50 हजार लोगों को होना था फायदा, ढाई वर्ष बाद भी अधूरी

क्यों नागरिकों से दुश्मनी निकाल रहा प्रशासन?

पूर्व मंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पर ग्रहण

- नौ माह का था दावा, ढाई वर्ष में भी रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के साथ सेक्टर 6 से सर्कुलर रोड तक नहीं बना रोड
- 21 करोड़ रुपये थी रोड की लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के ड्रीम प्रोजेक्ट को लेकर अधिकारी कितने गंभीर हैं, इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के साथ लगे गंदगी के ढेरों को देखकर लगाया जा सकता है। देश के पहले रेलवे एलिवेटेड ट्रक के साथ सेक्टर 6 से लेकर सर्कुलर रोड तक सड़क बनाई जानी 2023 से प्रस्तावित है। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के प्रयासों से तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी थी और नौ माह में पूरी करने का दावा किया गया था। इसके बावजूद अब तक यह रोड नहीं बन पाया है। ग्रोवर ने तो यहां रोड को रेलवे स्टेशन तक ले जाने का आश्वासन दिया था। अब अधिकारी रोड का निर्माण शुरू करने का दावा तो कर रहे हैं, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो रहा। यह रोड बन जाता तो सेक्टर 6 से रेलवे स्टेशन तक सीधी कनेक्टिविटी मिल जाती और करीब एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों के 50 हजार से ज्यादा लोगों को फायदा होता। वर्तमान में बजरंग भवन फाटक से गांधी कैंप की ओर का हिस्सा तो बन चुका है, लेकिन सेक्टर 6 की ओर का हिस्सा विकास की बाट जोह रहा है। अब तो लोग यह भी कहने लगे हैं कि यह रोड न बनाकर क्या प्रशासन लोगों से कोई दुश्मनी तो नहीं निकाल रहा। शहर में रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के नीचे प्रस्तावित सड़क लंबे समय से अधूरी पड़ी रहने के कारण लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जगह-जगह जाम में फंसे शहर के ट्रैफिक सिस्टम के लिए यह सड़क एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो पूरी होने पर हजारों लोगों के आवागमन को आसान बनाएगी। दरअसल, शहर में करीब 3.8 किलोमीटर लंबा रेलवे एलिवेटेड ट्रैक 300 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार किया गया था और वर्ष 2021 में इस पर रेल संचालन भी शुरू हो चुका है। इस ट्रैक के बनने से शहर की चार प्रमुख रेलवे क्रॉसिंग समाप्त हो गई थीं, जिससे जाम की समस्या में आंशिक राहत मिली। यदि यह सड़क समय पर पूरी बन जाती तो गांधी कैंप, झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी, सुभाष नगर, किशनपुरा, मॉडल टाउन, लक्ष्मी नगर, कबीर कॉलोनी, विशाल नगर, सेक्टर-5 और सेक्टर-6 सहित कई इलाकों को सीधा लाभ मिलता। इन क्षेत्रों के लोगों को रोजाना जाम और लंबी दूरी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के बीच यह सवाल आम हो गया था कि आखिर प्रशासन इस जरूरी परियोजना को लेकर गंभीर क्यों नहीं है।

अलग खबर

फाइल फोटो

काम की रफ्तार बेहद धीमी

अब पीडब्ल्यूडी ने 21 करोड़ रुपये की लागत से 3790 मीटर लंबी और करीब 5.5 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने का दावा किया है। यह सड़क चिन्योट कॉलोनी से सेक्टर-6 तक जाएगी और शहर की लगभग 14 कॉलोनियों को आपस में जोड़ेगी। इसके बनने से करीब 50 हजार से अधिक लोगों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही, आउटर गोहाना बाईपास, बस स्टैंड रोड, सोनीपत रोड, दिल्ली रोड और झज्जर रोड के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। योजना के तहत सड़क के साथ स्ट्रीट लाइट, फुटपाथ, सीवरेज और ड्रेनेज सिस्टम भी विकसित किए जाने हैं। सेक्टर-5 और 6 में अंडरपास का काम पहले ही शुरू हो चुका है, जबकि गांधी कैंप क्षेत्र में भी अंडरपास प्रस्तावित है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर काम की रफ्तार बेहद धीमी बनी रही, जिससे लोगों की उम्मीदें अधूरी रह गईं।

शहर के ट्रैफिक की रीढ़ साबित होगी सड़क

यह सड़क केवल एक वैकल्पिक मार्ग नहीं, बल्कि शहर के ट्रैफिक सिस्टम की रीढ़ साबित हो सकती है। इससे मुख्य सड़कों पर दबाव कम होगा और यातायात का संतुलन बेहतर होगा। साथ ही, आसपास के क्षेत्रों में नए बाजार विकसित होने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। फिलहाल, ऊपर एलिवेटेड ट्रैक पर दौड़ती ट्रेनें जहां शहर की आधुनिकता का प्रतीक बन चुकी हैं, वहीं नीचे बन रही यह सड़क लोगों की उम्मीदों को नई रफ्तार देने की तैयारी में है। अब देखना यह होगा कि निर्माण कार्य कितनी तेजी से आगे बढ़ता है और लोगों को बहुप्रतीक्षित सुविधा कब तक मिल पाती है।

विभाग जल्द ही निर्माण कार्य करेगा पूरा

पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन अरुण कुमार ने बताया कि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है और इसे तारकोल (बिटुमिनस) से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग का प्रयास है कि निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा कर लोगों को राहत दी जाए।

इंडस पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति और ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में सोमवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएसआई मोहन सिंह की नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और "नशे को ना कहें" का संदेश दिया। टीम इंचार्ज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शरीर को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि आज के समय में युवा ही देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें अपनी ऊर्जा पढ़ाई और खेलों में लगानी चाहिए, न कि नशे जैसी बुरी आदतों में। उन्होंने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आर्थिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशा न करने की शपथ भी ली। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर अमर सिंह कटारिया ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने लाल, पीली और हरी बत्ती के महत्व, जेब्रा क्रॉसिंग के उपयोग और सुरक्षित सड़क पार करने के तरीकों को समझाया। साथ ही सीट बेल्ट पहनने, हेलमेट लगाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

फार्म हाउस में घुसकर हमला: कुल्हाड़ी व बेलचे से वार, कई घायल, मारने की धमकी

रोहतक। शिवाजी कॉलोनी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक फार्म हाउस के अंदर घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आपसी विवाद के चलते आरोपियों ने एक युवक और उसके साथियों पर कुल्हाड़ी, बेलचे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस वारदात में कई युवक घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव करौंथा निवासी अमित पुत्र रामकिशन ने बताया कि 1 मई को सुबह करीब 11:50 बजे वह किसी काम से झज्जर-रोहतक रोड स्थित पूर्व सरपंच कमल सिंह के फार्म हाउस पर गया था। वहां पहुंचने पर उसने देखा कि फार्म हाउस के मुख्य गेट के सामने ईंटों का अस्थाई चट्टा लगाया हुआ था, जिससे अंदर-बाहर आने-जाने में दिक्कत हो रही थी। अमित के अनुसार, फार्म हाउस के अंदर उसके गांव के साथी सन्नी, प्रवीण, शमशेर और नितिन मौजूद थे। इसके अलावा गांव दुबलधन जिला झज्जर निवासी यशपाल, इशेपाल, विक्रम और अन्य युवक भी वहां बैठे हुए थे। जब अमित ने उनसे गेट के सामने ईंटें लगाने का कारण पूछा तो उन्होंने कहा कि यह ईंटें उन्होंने ही लगाई हैं।

बैडमिंटन में जोगेंद्र व प्रतिभा रहे विजेता

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा खेल परिसर में पुरुष एवं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। एम.ए. अंतिम वर्ष के छात्र जोगेंद्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। एम.ए. प्रथम वर्ष के आकाश द्वितीय तथा यश तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में एम.ए. प्रथम वर्ष की प्रतिभा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मेघा द्वितीय और हर्षिता तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं ने पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, धैर्य और खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह और खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और ऐसे आयोजनों से टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मविश्वास का विकास होता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

सनसिटी में जेई का शव फंदे पर लटका मिला

रोहतक। सनसिटी क्षेत्र में एक युवक का फंदे पर लटका शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान एक जेई (जूनियर इंजीनियर) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल टीम इंचार्ज डा सरोज दहिया मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला। परिजनों को जब काफी देर तक कोई गतिविधि नहीं दिखी तो उन्होंने कमरे में जाकर देखा, जहां युवक को फंदे पर लटका पाया गया। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया को भी मौके पर बुलाया गया, ताकि साक्ष्य जुटाए जा सकें और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक मामले में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही, मोबाइल फोन और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवक ने यह कदम क्यों उठाया। इस घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजन सदमे में हैं। स्थानीय लोगों ने भी घटना पर दुख जताया है।

जाट कॉलेज में नागरिक सुरक्षा पर कार्यशाला

रोहतक। जाट कॉलेज रोहतक में विद्यार्थियों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिविल डिफेंस ट्रेनर के रूप में प्लाटून कमांडर नवीन कुमार, प्लाटून कमांडर सुनील सांगवान एवं प्लाटून कमांडर अशोक हुड्डा मौजूद रहे। उन्होंने नागरिक सुरक्षा को नागरिकों द्वारा नागरिकों की सुरक्षा बताते हुए विद्यार्थियों को ब्लैकआउट, रेड अलर्ट एवं ग्रीन अलर्ट की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने ऐतिहासिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि आपदा और संकट की स्थिति में सतर्कता, अनुशासन और सही प्रशिक्षण से जनहानि को कम किया जा सकता है।

शास्त्री नगर में बंदरों का आतंक, युवक घायल, लोगों में बना दहशत का माहौल

- पहले भी कई लोगों को काट चुके बंदर, निगम प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे स्थानीय निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के शास्त्री नगर क्षेत्र में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना में बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में एक युवक पेड़ से गिरकर गम्भीर रुप से घायल हो गया। गंभीर चोट लगने के बाद उसे तुरंत पीजीआई में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंकित अपने घर के पास स्थित एक पेड़ पर

रोहतक। घटना में घायल हुआ युवक।

चढ़ रहा था, तभी अचानक बंदरों का झुंड वहां आ पहुंचा। बंदरों ने आक्रामक व्यवहार दिखाते हुए उसे घेर लिया। खुद को बचाने के लिए अंकित पेड़ पर चढ़ गया, लेकिन बंदरों के डर और अफरा-तफरी में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। गिरने से उसके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है।

इससे पहले भी कई लोग बंदरों के हमले का शिकार हो चुके हैं। कुछ मामलों में बंदरों ने लोगों को काट भी लिया है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इलाके में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं में खासा भय का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने में भी हिचकिचा रहे हैं। निवासियों का आरोप है कि बंदरों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन नगर निगम प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

नेकीराम और महिला कॉलेज बने लाइफ साइंस के हब

माइक्रो से मैक्रो तक: लाइफ साइंस दे रहा छात्रों के करियर को विस्तार

- रोहतक के कॉलेजों में लाइफ साइंस की सीटों पर बढ़ी प्रतिस्पर्धा
- पारंपरिक पढ़ाई से आगे बढ़कर अब प्रैक्टिकल, रिसर्च और इनोवेशन पर जोर
- लैब में सीखी स्किल्स का इंडस्ट्री में सीधा उपयोग
- डिग्री के साथ कौशल विकास पर फोकस, रोजगार के अवसर बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बारहवीं की परीक्षा के बाद करियर को लेकर असमंजस में रहने वाले छात्रों के लिए बीएससी लाइफ साइंस एक मजबूत और संभावनाओं से भरा विकल्प बनकर उभरा है। विज्ञान केवल किताबों तक नहीं, बल्कि अब रोजगार, शोध व उद्यमिता से सीधे जुड़ा। जिले के सरकारी व निजी कॉलेजों में कोर्स की बढ़ती मांग इसका प्रमाण है। पहले बीएससी मेडिकल के नाम से जाना जाने वाला पाठ्यक्रम अब आधुनिक विषयों जैसे बा यो टे क नो लॉ जी , माइक्रोबायोलॉजी व जेनेटिक्स के साथ और अधिक व्यापक हो गया है।

स्टूडेंट गाइड

दो कॉलेजों में 240-240 सीटें

वर्तमान में रोहतक के सरकारी और निजी कॉलेजों में इस पाठ्यक्रम की सुविधा उपलब्ध है। पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज और राजकीय महिला महाविद्यालय इस पाठ्यक्रम के मामले में सबसे आगे हैं। इन दोनों ही प्रमुख संस्थानों में 240-240 सीटें उपलब्ध हैं।

अस्पतालों में बड़ी मांग

राजकीय महिला महाविद्यालय में बॉटनी विभागाध्यक्ष प्रो. वीना सचदेवा का मानना है कि इस कोर्स की बढ़ती लोकप्रियता का मुख्य कारण इसमें मिलने वाले विविध अवसर हैं। जिस कोर्स को पहले पारंपरिक रूप से बीएससी मेडिकल के नाम से जाना जाता था, अब उसे आधुनिक और व्यापक दृष्टिकोण के साथ 'बीएससी लाइफ साइंस' के रूप में पहचान मिली है। इसमें बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री, जेनेटिक्स और पर्यावरण विज्ञान जैसे आधुनिक विषय शामिल हैं। अस्पतालों, डायग्नोस्टिक केंद्रों व पर्यावरण संरक्षण संस्थाओं में इन स्नातकों की निरंतर मांग बनी रहती है।

रोजगार के अवसर

बीएससी लाइफ साइंस की डिग्री न केवल शैक्षणिक, बल्कि व्यावसायिक क्षेत्रों में भी सफलता के द्वार खोलती है। इससे छात्रों को फार्मास्युटिकल कंपनियां, फूड प्रोसेसिंग और बायोटेक्नोलॉजी फर्मों में रिसर्च और क्वालिटी कंट्रोल के पदों पर बेहतर पैकेज मिलता है।

स्टार्टअप व नवाचार: नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के तहत कौशल विकास और इंटर्नशिप पर दिए गए बल ने विद्यार्थियों को जॉब सीकर के बजाय जॉब क्रिएटर बनने के लिए प्रेरित किया है। स्टार्टअप इंडिया और बीआईआरएसी जैसी सरकारी पहलों के सहयोग से अब विद्यार्थी ऑर्गेनिक उत्पादों, बायोफर्टिलाइजर और न्यूट्रास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में अपने स्टार्टअप भी शुरू कर रहे हैं।

जलवायु संकट से जूझते गांवों को चाहिए स्थानीय समाधान

रोहतक। बदलती जलवायु के दौर में ग्रामीण भारत की चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में स्थानीय स्तर पर ठोस रणनीति और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना बेहद जरूरी है। यह बात महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने परिवर्तनशील जलवायु में सुदृढ़ ग्रामीण समुदायों का निर्माण विषय पर आयोजित इंटरनेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम में कही। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, भारत सरकार और सेंटर ऑन इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (मुख्यालय: ढाका, बांग्लादेश) द्वारा संयुक्त रूप से हैदराबाद में आयोजित इस इंटरनेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन सत्र में एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।